## 23 किमी लंबी होगी सड़क, जाम की स्थिति की उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने की समीक्षा

# बिहटा में जाम से निजात को नगहर से परेब तक बनेगी वैकल्पिक सड़क

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई समीक्षा बैठक में जुड़े उपमुख्यमंत्री
- समीक्षा बैठक में पटना, भोजपुर, सारण के डीएम-एसपी भी जुड़े

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्य सरकार का पथ निर्माण विभाग बिहटा जाम की समस्या को लेकर संजीदा है। इसे समाप्त करने के उपायों पर गुरुवार को गंभीरतापूर्वक मंथन हुआ। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, एडीजी यातायात के अलावा पटना, भोजपुर, सारण के डीएम-एसपी मौजूद रहे।

बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहटा जाम की समस्या का शीघ्र समाधान होगा। नगहर (एनएच-139) से परेब (बिहटा) के पास एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किये जाने से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह सड़क लगभग 23 किमी लम्बी होगी, जिससे कनपा-बिक्रम से आने वाले वाहन बिना बिहटा चौक आये हुए भोजपुर की ओर जा सकेंगे।

श्री सिन्हा ने कहा कि कन्हौली चौक से कोईलवर 4-लेन तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो सकेगी। यह पथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन है। समीक्षा बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उन्हें इस मार्ग के शीघ्र चौड़ीकरण का निर्देश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने भोजपुर के मनभावन चौक से सारण के झंगा चौक जाने वाली 5 किमी सड़क के फ्लैंक की अविलंब मरम्मत का निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को दिया गया है। इसकी मरम्मत से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा।



गुरुवार को बिहटा जाम की समस्या के समाधान के लिए उच्च स्तरीय बैठक में शामिल उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा व अधिकारी।

**24 घंटे पुलिस की तैनाती की जा रही:** उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि जाम से प्रभावित प्रमुख स्थलों पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती की जा रही है और छोटे वाहनों को समस्या नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को समेकित प्रयास कर, सभी आवश्यक निर्माण/सुधार कार्य करने का निर्देश दिया गया है ताकि इस समस्या का यथाशीघ्र निदान हो सके।